| क्र.सं. | संस्थान का नाम | अनुदान धनराशि |
|---|---|---|
| 5 | इंडियन स्कूल आफ माइंस, धनबाद | 0.65 |
| 6 | पेट्रोकेमिकल्स डाटा सर्विसेज | 1.19 |
| 7 | हाइड्रोकार्बन्स महानिदेशालय | 0.60 |
| | | 12.22 |

**तेल उद्योग विकास बोर्ड अनियमित पूंजी निवेश**

162. **श्रीमती सुषमा स्वराज :**
**श्री राम जेठमलानी :**
**श्री जयन्त राय :**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तेल उद्योग विकास बोर्ड द्वारा सिंडिकेट बैंक के माध्यम से 132 करोड़ रुपये के अनियमित पूंजीनिवेश के बारे में केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा जांच की गई है ;

(ख) यदि हां, तो जांच का काम ब्यूरो को कब दिया गया था ;

(ग) क्या ब्यूरो को यह काम सौंपे जाते समय अपना प्रतिवेदन निर्धारित समय के अंदर देने का निवेदन किया गया था ;

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण थे ; और

(ङ) प्रतिवेदन कब तक प्राप्त होने की संभावना है और यदि प्रतिवेदन प्राप्त हो गया है तो दोषी व्यक्तियों के नाम क्या हैं और उनके विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है ?

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) :** (क) से (ङ) सूचना एकत्र की जा रही तथा सदन के पटल पर रख दी जाएगी।

**ग्रामीण क्षेत्रों में एल.पी.जी. का विपणन**

163. **चौधरी हरमोहन सिंह :** क्या **पेट्रोलियम और** प्राकृतिक **गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने गैर सरकारी विक्रेताओं को इस आधार पर एल पी जी का आयात करने की अनुमति दी है कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में एल पी जी के विपणन में मदद मिलेगी ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) वह ब्यौरा क्या है जो ग्रामीण क्षेत्रों में एल पी जी के विपणन में मदद करेगा ?

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) :** (क) से (ग) समानान्तर विपणन योजना के अंतर्गत निजी एजेंसियों द्वारा एल पी जी के आयात और विपणन का उद्देश्य सार्वजनिक क्षेत्र की एल पी जी विपणन कम्पनियों के माध्यम से उपलब्ध गैस के अलावा देश में एल पी जी की उपलब्धता में वृद्धि करना है। निजी एजेंसियों एल पी जी का विपणन ग्रामीण क्षेत्रों सहित अपनी पसन्द के किसी भी बाजार में बिना किसी प्रतिबन्ध के सुरक्षा आदि के अध्यधीन कर सकती हैं।

**Oil Selection Board for Uttar Pradesh**

164. SHRI SANJAY DALMIA: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) the composition of the Oil Selection Board for Uttar Pradesh;